## सार-समाचार

### भानी नाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर भजनों की स्वर लहरियां बही

**तारानगर** (निसं)। तारानगर रोड स्थित भानीनाथजी आश्रम में सिद्ध बाबा भानीनाथजी महाराज की 73वीं पुण्यतिथि पर सोमवार रात्री को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सरोबार कर दिया। भजन संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। रात्रि जागरण में संत शांति नाथ महाराज सनवाली, महंत स्मृति नाथ महाराज लक्ष्मणगढ, संत विकास नाथ महाराज फतेहपुर, महंत निश्चल नाथ महाराज चुवास, गुलाब नाथ महाराज रुकनसर, रामदास महाराज (चीमा बाबा) फतेहपुर तथा दिलीप दास लक्ष्मणगढ़ मंचस्थ अतिथि थे। रामदास चीमा बाबा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागरण में अनेक संतो ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुण्यतिथि के दूसरे दिन आश्रम में विशाल भंडारा व प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें टांई आश्रम के महंत सोमनाथ महाराज, हलुवास आश्रम के महंत श्याम नाथ महाराज व महेंद्र नाथ महाराज, द्वाणा आश्रम के महंत केशव नाथ महाराज, अमृत नाथ आश्रम फतेहपुर के मनोहर नाथ महाराज तथा बुंटिया आश्रम के निरंजन नाथ महाराज सहित अनेक संत-महात्मा शामिल हुए। आश्रम के महंत देव नाथ महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, सभापति विनय गोयनका, कोलकाता के शंकर सोनी, प्रकाश सोनी, रामगढ के संदीप गोयनका, संजय सोनी तथा हरियाणा के ब्रिजलाल खोत सहित अनेक सेवकगण व श्रद्धालुओं ने शिरकत कर कार्यक्रम को धार्मिकमय बना दिया।

### नहर विभाग के अधिकारियों का धरना जारी

**तारानगर** (निसं)। साहवा लिफ्ट कैनाल क्षेत्र में पानी चोरी रोकने के लिए गश्त के दौरान विभागीय अधिकारियों पर हो रहे हमलों के विरोध एवं आरोपियों के खिलाफ सख्त की मांग को लेकर विभागीय अधिकारियों का धरना मंगलवार को तीसरे दिन भी धरना जारी जारी रहा। एक्सईएन कार्यालय में दिए गए धरने के दौरान अभियंताओं से वार्ता के लिए तहसीलदार अनोपाराम व एसएचओ पुष्पेंद्र सिंह, एक्सईएन आनन्दसिंह व भादरा एक्सईएन त्रिलोक कुमावत के साथ धरनार्थियों से वार्ता की। इस दौरान एईएन छोटूराम ने बताया गत दिनों उनके साथ हुई घटना में लिप्त सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए, पानी रेगुलेशन व सिंचाई पानी की गश्त के दौरान अभियंताओं को आरएसी जाब्ता उपलब्ध करवाए जाए और आए दिन हो रही घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम व कारवाई अमल में लाई जाए। जिस पर तहसीलदार व एसएचओ ने सभी मांगों के निस्तारण को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के साथ घटनाओं पर शीघ्र कारवाई करने व अभियंताओं को पुलिस जाब्ता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जेईएन राकेश कुमार, महेश कुमार, राजबाला, दिनेश कुमार, मोहित कुमार, पूजा सहित अधिकारी मौजूद थे।

### मतदान दिवसों पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा

**सीकर**, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने आदेश जारी कर पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत सीकर जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों तथा पंच एवं सरपंच पदों के लिए निर्धारित मतदान दिवसों पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आदेशानुसार, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए द्वितीय चरण का मतदान 28 अक्टूबर 2026 (बुधवार), तृतीय चरण का मतदान 3 नवंबर 2026 (मंगलवार) तथा चतुर्थ चरण का मतदान 14 नवंबर 2026 (शनिवार) को होगा। इसी प्रकार, पंच एवं सरपंच पदों के लिए द्वितीय चरण का मतदान 30 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार), तृतीय चरण का मतदान 5 नवंबर 2026 (गुरुवार) तथा चतुर्थ चरण का मतदान 16 नवंबर 2026 (सोमवार) को निर्धारित है। राज्यपाल द्वारा घोषित अवकाश के अनुसार, उक्त मतदान तिथियों पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा, ताकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### विजयादशमी पर जुलूस निकला

**चिड़ावा** (निसं)। शहर में विजया दशमी पर श्रीराम लीला परिषद की ओर से विजय शोभायात्रा निकाली गई। जो कि रामलीला स्थल से प्रारंभ होकर कोर्ट रोड, पुरानी तहसील रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड, स्टेशन रोड, नया बस स्टैंड, अरडावतिया कॉलोनी, मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर की परिक्रमा के बाद विवेकानंद चौक होते हुए दहन स्थल बागर पर पहुंची। जहां पर शोभायात्रा का विसर्जन हुआ। शोभायात्रा में लक्ष्मी, विष्णु, श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान, दुर्गा, काली माता, शिव, पार्वती, गणेश, रावण का दरबार और घोड़ी पर सुग्रीव, अंगद, जामवंत, विभीषण और दरबान की झांकी सजाई गई। जुलूस व्यवस्था में श्रीरामलीला परिषद, विवेकानंद मित्र परिषद, पुलिस प्रशासन ने सहयोग दिया। बाद में बागर के मैदान में राम सेना और रावण सेना के बीच युद्ध का प्रदर्शन हुआ। बाद राम ने 27 फिट ऊंचे रावण के पुतले को अग्निबाण मारा। जिससे रावण का दहन हो गया। रावण दहन को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### समस्या समाधान शिविर आज

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। नगरपालिका के नवगठित वार्ड नंबर 44 का पालिकाध्यक्ष, अधिशाषी अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता व पार्षद दौरा कर वार्ड की समस्याओं से रूबरू होकर वार्ड के नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार पालिका प्रशासन कल 21 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 11 बजे वार्ड नंबर 44 के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष संजीव भानुका अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमार कुमावत, कनिष्ठ अभियंता पारस चौधरी, पार्षद रामप्यारी धाबाई क्षेत्र के बंजारा बस्ती, धाभाईयों की ढाणी, बासनी रेलवे फाटक कॉलोनी, महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास इलाका सहित वार्ड 44 का सघन दौरा कर जनसमस्याओं से रूबरू होंगे। तथा वार्ड की साफ-सफाई, सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य जनसमस्याओं की जानकारी लेंगे।

### 121 कन्याओं का पूजन किया

**चूरू** (निसं)। नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय श्री मरदा महासती मंदिर में मंगलवार को मरदा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद मरदा व मरदा परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सती माता व मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 121 कन्याओं का विधिवत् पूजन कर उनका तिलर्काचन किया गया और अंचल में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन व मां के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने उत्साह व श्रद्धाभाव से धार्मिक आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, चूरू महिला इकाई की संयोजक शशी चन्देल सहित अन्य महिला सदस्य उपस्थित थी।

### 1100 दीपकों से माता का दरबार जगमगाया

**रतनगढ़** (निसं)। गोमजी मौसूण कुएं के पास गोमजी मौसूण कुआं युवा मित्र मंडली की ओर से आयोजित नवदुर्गा महोत्सव में सोमवार रात 1100 दीपकों से माता की महाआरती की गई। महिलाओं ने घरों से सजी हुई आरती की थालियां लाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद महिलाओं और बच्चियों ने डांडिया-गरबा किया। भानु प्रकाश स्वामी ने बताया कि मंगलवार को 251 से अधिक कन्याओं का पूजन कर भोजन करवाया गया। दोपहर 3 बजे विसर्जन यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए गोमजी मौसूण कुएं पहुंचेगी, जहां माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान अजय शर्मा, उज्ज्वल महर्षि, मनोज प्रजापत, रेखाराम महर्षि, पवन शर्मा, श्याम सैनी सहित मंडली के कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पथ संचलन निकाला

**तारानगर** (निसं)। अभिमन्यु बस्ती में मंगलवार को विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। नगर कार्यवाह विजय सिंह ने बताया कि संचलन जानकी नगर से शुरू होकर संस्कृत स्कूल, मोची मोहल्ला, गोपाल गोशाला और स्वामी मोहल्ले से होते हुए वापस जानकी नगर पहुंचा। संचलन का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। मुख्यवक्ता प्रांत सह ग्राम विकास संयोजक बजरंगलाल ने विजयादशमी के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

# पिता की हत्या कर शव खेत में दबाया, 48 घंटे में दो बेटे गिरफ्तार

- **घरेलू विवाद में गला घोंटकर हत्या का आरोप, शव जलाने के बाद जमीन में दबाया**
- **पुलिस को गुमराह करते रहे आरोपी, पुलिस ने वारदात का खुलासा किया**

**झुंझुनूं/सुलताना** (निसं)। सुलताना थाना क्षेत्र में पिता की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने महज 48 घंटे में वारदात का खुलासा करते हुए मृतक के दोनों बेटों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, घरेलू विवाद के चलते दोनों बेटों ने अपने पिता जुगलकिशोर की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव पर पेट्रोल छिड़ककर जलाया और खेत में गाड़ दिया। वारदात को छिपाने के लिए आरोपी लगातार लोगों को गुमराह करते रहे। हालांकि, पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए मामले की कड़ियां जोड़ते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

**घर के पीछे जमीन में दबा मिला था शवः-** पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर 2026 को एक परिवादी ने रिपोर्ट दी कि उसके भतीजे ने घर के पीछे दुर्गंध आने तथा जमीन में आधी दबी हुई क्षत-विक्षत अवस्था में एक शव मिलने की सूचना दी। जुगलकिशोर के परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिछले छह-सात दिनों से लापता था। इस पर परिवादी ने जुगलकिशोर पुत्र रामेश्वर लाल की हत्या कर शव जमीन में दबाए जाने का संदेह जताया। रिपोर्ट के आधार पर सुलताना थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

दूसरे व्यक्ति का शव बताकर पुलिस और लोगों को करते रहे गुमराह- मामले की गंभीरता को देखते हुए सुलताना थानाधिकारी रामनिवास उपनिरीक्षक तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही साक्ष्य जुटाए गए और वारदात के खुलासे के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तकनीकी संसाधनों और पारंपरिक तरीकों से सूचनाएं एकत्रित की। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लोगों को लगातार यह कहकर गुमराह करते रहे कि जमीन में दबा शव किसी अन्य व्यक्ति का है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति यहां गाड़कर चला गया।

वहीं, वे अपने पिता के मुंबई जाने की बात कहकर उनकी हत्या की आशंका से ध्यान हटाने का प्रयास करते रहे। पुलिस ने संदेह के आधार पर जांच आगे बढ़ाई और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों बेटों को दस्तयाब कर पूछताछ की। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में मृतक के दोनों बेटों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शिव (32) पुत्र जुगलकिशोर और दीपेन्द्र (30) पुत्र जुगलकिशोर के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से तारा का बास, थाना सुलताना क्षेत्र के निवासी हैं तथा वर्तमान में ए-204, न्यू पायल अपार्टमेंट, नवघर रोड, भाईंदर ईस्ट, थाना नवघर, जिला ठाणे, मुंबई (महाराष्ट्र) में रह रहे थे।

झुंझुनूं जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के निर्देशन में गठित टीम ने की कार्रवाई- यह कार्रवाई झुंझुनूं जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा चिडावा वृत्ताधिकारी गौरव गुर्जर के सुपरविजन में की गई। सुलताना थानाधिकारी रामनिवास उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

कार्रवाई करने वाली टीम में सुलताना थानाधिकारी रामनिवास, नरेश कुमार सहायक उपनिरीक्षक, सुनील कांस्टेबल, कृष्ण कुमार कांस्टेबल, मुलतानराम कांस्टेबल तथा जोगेन्द्र कांस्टेबल चालक शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उनसे वारदात से जुड़े घटनाक्रम और अन्य पहलुओं पर विस्तृत पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है।

# 163 पव्वे देशी शराब और कैंपर गाड़ी जब्त

- **मंड्रेला पुलिस ने खुड़िया बस स्टैंड पर अवैध शराब परिवहन करते रमेश कुमार को पकड़ा**
- **आबकारी कानून के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू**

**झुंझुनूं/मंड्रेला** (निसं)। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान मंड्रेला पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 163 पव्वे देशी शराब और एक कैंपर गाडी जब्त की है।

पुलिस ने मौके से रमेश कुमार (35) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी पटेल नगर, थाना मंड्रेला, जिला झुंझुनूं को पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, पंचायती राज आम चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंड्रेला थाना पुलिस ने खुड़िया बस स्टैंड पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन करते रमेश कुमार को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 163 पव्वे देशी शराब बरामद किए तथा परिवहन में प्रयुक्त कैंपर गाडी को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा चिड़ावा वृत्ताधिकारी गौरव गुर्जर के सुपरविजन में की गई। मंड्रेला थानाधिकारी कैलाशचन्द उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में मंड्रेला थानाधिकारी कैलाशचन्द उपनिरीक्षक, रघुवीर सिंह सहायक उपनिरीक्षक, नरेंद्र कांस्टेबल , सुनील कुमार कांस्टेबल तथा विकास कांस्टेबल शामिल रहे। पुलिस ने चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। मामले में अनुसंधान जारी है।

# मां चामुण्डा के दरबार में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

**झुंझुनूं** (निसं)। प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी मां भगवती की भक्ति, श्रद्धा और आस्था से सराबोर माहौल में कुलदेवी मां चामुण्डा के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ा। मां के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच बंदूकिया परिवार ने कुलदेवी के चरणों में शीश नवाकर सर्वसमाज के मंगल कल्याण, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस पावन अवसर पर अमरनाथ बंदूकिया के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की गई। धार्मिक आस्था और सेवा भावना के इस आयोजन में मां चामुण्डा के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में मां के जयकारों के बीच भक्तिमय माहौल बना रहा। वहीं, भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के माध्यम से 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' की भावना को साकार करते हुए श्रद्धालुओं की सेवा की गई। कुलदेवी के प्रति अटूट आस्था, सेवा भाव से कराया भंडारा - छगन बंदूकिया एवं गोपीकृष्ण बंदूकिया ने बताया कि मां चामुण्डा बंदूकिया परिवार की कुलदेवी हैं और परिवार की मां के प्रति गहरी आस्था एवं श्रद्धा है। इसी धार्मिक भावना के साथ मां के दरबार में शीश नवाकर सर्वसमाज के मंगल कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर अमरनाथ बंदूकिया के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन कर हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, समर्पण, सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना को भी मजबूत करते है।

# लूणासर के पाबूजी धाम में आस्था का सैलाब उमड़ा, हजारों श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई

- **श्रद्धालुओं ने सुनाए अनुभव, बोले-धाम पर अर्जी लगाने के बाद मिल रहा है राहत का अनुभव**

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत लूणासर स्थित पाबूजी महाराज के धाम पर आयोजित 10 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह-शाम माताजी महाराज की ज्योत एवं आरती का आयोजन हुआ, वहीं रात्रि में भजन संध्या के माध्यम से श्रद्धालुओं ने भक्ति में भाग लिया। मंगलवार को महोत्सव के समापन अवसर पर बालाजी महाराज को महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इस दौरान राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पाबूजी महाराज के धाम पहुंचे और दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

मंदिर के पुजारी रघुवीर सिंह ने बताया कि धाम पर अनेक श्रद्धालु अपनी परेशानियां लेकर आते हैं। उनके अनुसार श्रद्धालु माता रानी के दर्शन एवं मंदिर की परिक्रमा कर अपनी मनोकामना लेकर अर्जी लगाते हैं और कई लोग यहां से राहत का अनुभव करते हुए लौटते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में किसी प्रकार के झाड़-फूंक, मंत्र या आर्थिक लेन-देन की व्यवस्था नहीं है। श्रद्धालुओं की आस्था के अनुसार माता रानी के दरबार में अर्जी लगाई जाती है। मंगलवार को धाम पर गंभीर बीमारियों से पीड़ित कई श्रद्धालु भी पहुंचे। इनमें कैंसर, किडनी संबंधी बीमारी, लकवा तथा बोलने में परेशानी से पीड़ित लोगों के परिजन शामिल थे। कुछ श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि चिकित्सकों से उपचार के बाद भी अपेक्षित सुधार नहीं मिलने पर वे धाम पर लगातार आ रहे हैं और उन्हें अपने मरीजों की स्थिति में सुधार महसूस हो रहा है।

श्रद्धालुओं ने इसे पाबूजी महाराज एवं माता रानी का आशीर्वाद बताया। एक महिला श्रद्धालु के परिजन ने बताया कि महिला कई दिनों से खाना नहीं खा पा रही थी और बोलने में भी परेशानी थी। धाम पर लाने के बाद उन्होंने महिला की स्थिति में सुधार महसूस होने तथा खाना-पीना शुरू करने की बात कही।

**दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुः-** कमलेश, छगनलाल, अनीता देवी, सरोज, विमला, रुक्मणी, मुकेश, शर्मिला, सरोज, मदन सिंह एवं कुलदीप सिंह फौजी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बताया कि वे लगातार धाम पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों की गंभीर बीमारी के चलते वे यहां आस्था के साथ पहुंचते हैं और उन्हें सुधार का अनुभव हो रहा है।

**श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाएंः-** धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति की ओर से खाने-पीने, ठहरने, मॉर्निंग वॉक, चिकित्सा संबंधी सहायता एवं एंबुलेंस सहित विभिन्न व्यवस्थाएं संचालित होने की जानकारी दी गई। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना की। पाबूजी धाम के पुजारी रघुवीर सिंह राठौड ने बताया कि आने वाले समय में धाम पर बड़े धार्मिक आयोजन की योजना बनाई जा रही है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं संबंधित लोगों से चर्चा की जाएगी। मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज का महाप्रसाद ग्रहण किया तथा माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाकर अपने परिवार, गांव एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

# शिव महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

**झुंझुनूं** (निसं)। धर्म, आस्था, सेवा और पर्यावरण संरक्षण के अनूठे संगम के रूप में मंगलवार को शहर के चंचलनाथ टीले पर शिव महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में उनके दादागुरू एवं टीले की पांचवीं पीढ़ी के ब्रह्मलीन संत शिवनाथ महाराज की 74वीं पुण्यतिथि पर आयोजित महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता दी गई। संत विचारनाथ महाराज के मार्गदर्शन और मुख्य आयोजक अमरनाथ जांगिड़ के संयोजन में आयोजित विशाल भंडारे में करीब 5000 श्रद्धालुओं ने स्टील की थाली और गिलास में महाप्रसाद ग्रहण किया। प्लास्टिक के दोने-पत्तलों के स्थान पर स्टील के बर्तनों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया गया। टीले के संत विचारनाथ महाराज एवं मुख्य यजमान अमरनाथ जांगिड़ ने बताया कि शिवनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित शिव महोत्सव में भक्ति और सेवा के साथ प्रकृति संरक्षण को भी विशेष महत्व दिया गया। प्लास्टिक मुक्त भंडारे के माध्यम से श्रद्धालुओं को स्वच्छता अपनाने और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। आयोजन ने यह प्रेरणा दी कि धार्मिक आयोजनों की भव्यता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी सहजता से निभाया जा सकता है।

महोत्सव के तहत सुबह 9 बजे समाधि स्थल पर पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। इसके बाद कन्या पूजन किया गया। साधु-संतों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन कर उन्हें मान-भेंट देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालुओं ने संत शिवनाथ महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दोपहर 12:30 बजे से रात 10 बजे तक विशाल आम भंडारा चला। इसमें शेखावाटी सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे करीब 5000 श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्लास्टिक के एकल उपयोग वाले बर्तनों के बजाय स्टील की थालियों और गिलासों का उपयोग किया गया। मुख्य आयोजक अमरनाथ जांगिड के संयोजन में अपनाई गई इस व्यवस्था ने धार्मिक आयोजनों में पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

स्टील के बर्तनों के इस्तेमाल से प्लास्टिक कचरे को कम करने और स्वच्छता बनाए रखने की दिशा में सार्थक पहल सामने आई। श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी के बीच यह आयोजन धर्म के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरक मिसाल बना। आम भंडारे के बाद आयोजित विराट भजन संध्या में शेखावाटी क्षेत्र के संतों और स्थानीय कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे।

## विजयादशमी पर पथ संचलन निकाला

**सीकर** (निसं)। विजयादशमी पर्व पर मंगलवार को सीकर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन किया। यह पथ संचलन सीकर में पिपराली रोड से शुरू होकर कल्याण सर्किल, जाट बाजार सहित शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कृष्ण सत्संग कॉलेज पहुंचा। जहां पर इसका समापन हुआ। विजयादशमी के मौके पर मंगलवार को संघ का पथ संचलन निकाला गया। जो पिपराली रोड पर संजय रेस्टोरेंट के पास से शुरू हुआ जो कल्याण सर्किल सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कृष्ण सत्संग भवन पहुंचा जहां समापन हुआ। कार्यक्रम में जयपुर के प्रांत कार्यवाहक कृष्ण कुमार अडानिया मौजूद रहे। इस दौरान संदेश दिया कि समाज के बीच चल रहे नशे की प्रवृत्ति को दूर किया जाए। संघ अब पंच परिवर्तन को लेकर समाज के बीच जा रहा है, इस बारे में भी बताया गया। इसके अलावा सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण जैसे संदेश दिए गए और परिवार कुटुंब के बारे में बताया गया। पथ संचलन के दौरान आज कल्याण सर्किल, घंटाघर सहित शहर के कई प्रमुख स्थानों पर पुष्पवर्षा करके पथ संचलन का स्वागत किया गया।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया

**पाटन** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम महावा में तंवरावाटी राजपूत सभा की ओर से विजयदशमी स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन के पूर्व नरेश राव राजा दिग्विजय सिंह ने की। समारोह में तंवरावाटी क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में राजपूत समाज के गणमान्य लोग, सरदार, महिलाएं एवं स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह गुढ़ा, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, रॉयल ग्लोबल पीस फाउंडेशन के निदेशक मेघराज सिंह, रघुवीर सिंह भूदौली, पूर्व बुनकर संघ अध्यक्ष राधेश्याम सिंह तंवर, पूर्व अध्यक्ष डॉ. शिवराम सिंह लादिया तथा अवध बिहारी दास घुघाडी धाम सहित अनेक वक्ताओं ने समाज की एकजुटता और सामाजिक विकास पर अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए आपसी भाईचारा, संगठन की मजबूती और शिक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, जरूरतमंद एवं कमजोर परिवारों की सहायता करने तथा युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। साथ ही समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीनें वितरित की गईं। वहीं, शैक्षिणक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देने का संदेश दिया गया। समारोह में करतार सिंह टोडा अध्यक्ष, महिपाल सिंह सिकराय, प्रमोद सिंह बाजोर, जयसिंह भगोठ, जय सिंह मंढोली, सरपंच भगेगा, महिपाल सिंह, जसवंत सिंह, एडवोकेट नत्थू सिंह, विजेंद्र सिंह, जय सिंह,दान सिंह, हुकम सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकडों की संख्या में समाज के लोग एवं महिलाएं शामिल हुई।

## महाराव शेखाजी स्त्री रक्षक व हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे : डॉ. अमर सिंह शेखावत

**चूरू** (निसं)। स्थानीय शेखावत कॉलोनी स्थित श्री करणी माता मंदिर सभागार में मंगलवार को महाराव शेखाजी संस्थान चूरू के तत्वावधान में शेखावाटी के संस्थापक युगपुरुष महाराव शेखाजी की 593 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह शेखावत की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महाराव शेखाजी के आदर्शों, सामाजिक समरसता और उनके जीवन मूल्यों को याद किया गया। दशहरे के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन भी किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर व महाराव शेखाजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अमरसिंह शेखावत ने कहा कि महाराव शेखाजी स्त्री रक्षक, गौ सेवक व हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। उनके आदर्श जीवन मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं और वर्तमान समय में उन्हें अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से शेखाजी के आदर्शों को आगे बढ़ाने तथा समाज में सकारात्मक योगदान देने का आ ान किया। इस अवसर पर महाराव शेखाजी व बणीर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन डॉ. शंकर सिंह गौड़ ने बच्चों को अच्छे संस्कार एवं आदर्श जीवन मूल्यों की शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने समाज और देश की सेवा के लिए आगे आने का आव्हान किया। डॉ. लखूसिंह शेखावत ने महाराव शेखाजी के आदर्श जीवन व उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों से प्रेरणा लेने की बात कही। समारोह में जयसिंह ख्याली, इंद्र सिंह दूधवा खारा व रतन सिंह शेखावत मंचस्थ अतिथि थे। कप्तान मदन सिंह, गुलाब सिंह व उत्तम सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान शेखावत कॉलोनी के संस्थापक व समाजसेवी स्व. ज्ञान सिंह ख्याली को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में महाराव शेखाजी के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने, सामाजिक एकता को मजबूत बनाने और भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का संदेश दिया गया।

# चलकोई में शहीद नरेंद्र सिंह राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण

**चूरू** (निसं)। निकटवर्ती गांव चलकोई बणीरोतान में वीर गति प्राप्त नरेंद्र सिंह राठौड़ की स्मृति में मंगलवार को मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पराक्रम सिंह राठौड़ थे। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, चूरू नगर परिषद् सभापति विनय गोयनका, विक्रम सिंह कोटवाद, निवर्तमान प्रधान दीपचंद राहड सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने शहीद नरेंद्र सिंह राठौड के अदम्य साहस, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए राजकीय स्कूल का नाम शहीद नरेंद्र सिंह राठौड के नाम पर रखने की घोषणा की। विधायक की इस घोषणा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। शहीदों की स्मृतियों को संजोकर

चूरू के निकटवर्ती गांव चलकोई बणीरोतान में वीर गति प्राप्त नरेंद्र सिंह राठौड़ की स्मृति में मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित किया गया।

रखना और उनके बलिदान की गाथा नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। शहीद नरेंद्र सिंह राठौड का जीवन और उनका बलिदान युवाओं को देशसेवा, साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता रहेगा। समारोह में उपस्थित जनों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजेंद्र दाधीच, दुरुपाल सिंह, मालम सिंह, शोपाल सिंह, नरपाल फौजी, संदीप स्वामी, बजरंग सिंह, भवानी सिंह सहित चलकोई युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, शहीद के परिजन, मित्रगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सूरजन सिंह ने किया।